मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय स्टेयरिंग कमेटी का गठन

चर्चा में क्यों?

8 दिसंबर, 2023 को मध्य प्रदेश राज्य शासन ने प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन को दिशा एवं मार्गदर्शन देने तथा उसकी मॉनिटरिंग के लिये मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी का गठन किया है।

प्रमुख बिंदु

- समिति में अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, राजस्व, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण, आदिम जाति कल्याण, सदस्य होंगे।
- कृषि आयुक्त को नोडल अधिकारी बनाया गया हैं। समिति विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सभी आवश्यक निर्णय लेगी।
- विकसित भारत संकल्प यात्रा की सतत् मॉनिटरिंग तथा फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिये सात कोर समूह भी गठित किये गए हैं।
- अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, किसान कल्याण तथा कृषि, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास, राजस्व, सचिव, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण, आयुक्त स्वास्थ्य, आयुक्त कृषि कोर समूह समय-समय पर प्रगति की समीक्षा कर राज्यस्तरीय स्टेयरिंग कमेटी को आवश्यक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/formation-of-state-level-steering-committee-under-the-chairmanship-of-chief-secretary